कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

फोन नं.(07744–225171) ई मेल–kamlacollege.rjn@gmail.com

/ / अतिआवश्यक नामांकन सूचना / /

महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम, बी.एससी. प्रथम, बी.कॉम प्रथम एव बी.एससी. होमसाइंस की प्रथम वर्ष की ऐसी नियमित छात्राएं जिन्होंने अभी तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के ऑफलाइन नामांकन फार्म भरकर जमा नहीं किए है, को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक **26 नवम्बर 2018 को दोपहर 01:30 बजे तक** अनिवार्य रूप से ऑफलाइन फार्म महाविद्यालय में संबंधित कर्मचारियों के पास जमा कर देवें। इस हेतु छात्राएं नामांकन फार्म हेमचंदय यादव विश्वविद्यालय, http://www.durguniversity.ac.in/ से डाउनलोड कर इस महाविद्यालय में ऑफलाइन जमा कर तथा छात्राएं नामांकन शुल्क विश्वविद्यालय के **देना बैंक खाता क्रमांक 147310034606** में जमाकर प्राप्त रसीद को नामांकन फार्म के साथ संलग्न करें। साथ ही वे अपने 10 वीं., 12 वीं. एवं अन्य किसी परीक्षा की उत्तीर्ण स्वप्रमाणित मार्कशीट एवं कॉलेज में प्रवेश के समय प्राप्त समस्त रसीदों के साथ **दिनांक 26 नवम्बर 2018 को दोपहर 01:30 बजे तक** अनिवार्य रूप से संबंधित कर्मचारियों के पास जमा करें। निर्धारित तिथि तक फार्म जमा नहीं करने पर छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्राईवेट कर दिया जाएगा । या नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा । अतः छात्राएं अनिवार्य रूप से उक्त तिथि एवं समय पर नामांकन फार्म अनिवार्य रूप से जमा कर देवें । सी.बी.एस.ई/आई.सी.एस.इ. तथा केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य किसी बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं को माईग्रेशन सर्टिफिकेट भी लगाना होगा ।

नामांकन शुल्क सी.जी. बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं के लिए रू. 150/–

सी.बी.एस.ई/आई.सी.एस.इ. तथा केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य (150 नामांकन शुल्क + 360 इमोगेशन फीस = कुल 510) देना होगा ।

इसी प्रकार स्नातक, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की ऐसी छात्राएँ जो पिछले वर्ष प्राईवेट थी उन्हें भी ऑफलाइन नामांकन फार्म भरकर पिछली समस्त स्वप्रमाणित अंकसूचियों के साथ जमा करना अनिवार्य है । अन्य विश्वविद्यालय की उत्तीर्ण होकर आई छात्राओं को भी नामांकन फार्म अनिवार्य है । छात्राएँ इस कार्य को प्राथमिकता दें ।

टीप *:– हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा शेष बची हुई छात्राओं को नामांकन फार्म भरने हेतु यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है । इसके पश्चात् किसी भी प्रकार के नामांकन फार्म स्वीकार नहीं किए जाएगे। अतः शेष बची छात्राएं दिनांक* ***26 नवम्बर 2018 को दोपहर 01:30 बजे तक अनिवार्य रूप से नामांकन फार्म भरकर जमा कर देवें ।***

डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल
प्राचार्य
शास कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महा.
राजनांदगांव (छ.ग.)